06 जिले में धर्म रक्षक सम्मेलन संपन्न



07 पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के साथ शहर के मंदिरों को...





## समाचार संक्षेप

### जन अभियान परिषद गुना ब्लॉक के पगारा सेक्टर के ग्राम पगारा में किया बोरी बंधन



**गुना** । जन अभियान परिषद गुना ब्लॉक गुना के पगारा सेक्टर के ग्राम पगारा में नवांकुर संस्था सेवाली समिति के सहयोग से शुक्रवार को पगारा ग्राम के नाले पर बोरी बंधन किया गया। जिसमें ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों ने नाले के बहते पानी को रोकने के लिए बोरी बंधान किया गया। जिसमें नवांकुर संस्था के राजकुमार ओझा,परामर्शदाता रामकिशोर देवलिया सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय बजरंगगढ़ गुना में भूतपूर्व छात्रों का मिलन समारोह आयोजित

**गुना** । जवाहर नवोदय विद्यालय बजरंगगढ़ गुना में भूतपूर्व छात्रों का मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में डॉ. सुनील दांगी चाइल्ड स्पेशलिस्ट, डॉ. बीएल कुशवाह ईइनटी स्पेशलिस्ट, मंगल सिंह आदिम जाति कल्याण विभाग, भृगेन्द्र सिंह रघुवंशी जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन विभाग एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित हुए।



कार्यक्रम का उद्देश्य जो अध्यनरत छात्र हैं, वह अपने सीनियर से गाइडेंस प्राप्त कर सकें, व विभिन्न क्षेत्रों में अपना कैरियर निर्माण करें। साथ ही बच्चों को जो नई-नई फील्ड है, जैसे टेक्नोलॉजी की फील्ड हुई कंप्यूटर साइंस की फील्ड है। इसी प्रकार प्रशासन की जॉब के लिए किस तरह से तैयारी करें डॉक्टर बनने के लिए क्या-क्या तैयारी करें। किस तरह से वह बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं, इसके बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पूर्व महिला छात्राएं भी उपस्थित रहे। जवाहर नवोदय विद्यालय बजरंगगढ़ के छात्रों के द्वारा भी लगातार अच्छा प्रदर्शन किया जा रहा है। नवोदय विद्यालय ने देश में एक अपना मुकाम हासिल किया है। नवोदय के सभी बच्चे एक परिवार की तरह एक दूसरे की मदद करते हैं व सहायता करते हैं।

### राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित बेबी

**गुना** । कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के मार्गदर्शन में जिला गुना में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जन्मजात विकृतियों की पहचान एवं उनके उपचार हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में सुरक्षा पिता कोक सिंह अहिरवार ग्राम देहरी कला आरोन का जन्मजात हृदय रोग हेतु सफल ऑपरेशन हुआ। सुरक्षा पिता कोक सिंह अहिरवार 11 वर्ष ग्राम देहरी कला ब्लॉक आरोन जिला गुना की निवासी है। जन्म से बच्ची बहुत कमजोर थी बार-बार बीमार पड़ती थी, उम्र के साथ न ही उसका वजन और न ही लम्बाई बढ़ रही थी। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आरोन टीम के डॉ. रवि कुमार सोनी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्ची का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और जन्मजात हृदय रोग की आशंका जताई गई।



इसके बाद बच्ची को मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.एन. भीलवारे के मार्गदर्शन में जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र गुना में रेफर किया गया। जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र प्रबंधक विनीता सोनी ने बच्ची ने विशेष जुपिटर अस्पताल इंदौर में बच्ची का echo करवाया जहां पर उसे जन्मजात हृदय रोग की पुष्टि की गई। इसके बाद राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष जुपिटर अस्पताल इंदौर में बच्ची का सफल ऑपरेशन किया गया। इस पूर्ण प्रक्रिया में आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिका का पूर्ण सहयोग रहा। और बच्ची पूर्णतः स्वस्थ है।

### मंडी में चना की फसल बेचने आए किसान के साथ ठगी के मामले में कैंट थाना पुलिस की तत्पर कार्रवाई

# महज तीन दिन में ही प्रकरण में तीन आरोपी कैंट थाना पुलिस की गिरफ्त में

- किसान को फसल का ज्यादा दाम देने का लालच देकर फसल का बजन कम तौलकर की गई थी किसान के साथ ठगी
- आरोपियों से 8.40 क्विन्टल चना, इलेक्ट्रोनिक तौलकांटा एवं नगदी 1.48 लाख रूपये जप्त
- आरोपियों द्वारा पूर्व में भी की जा चुकी हैं किसानों के साथ इस प्रकार की ठगी की घटनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के दिशा निर्देशन में गुना पुलिस द्वारा जिले में ठगी और धोखाधड़ी के प्रकरणों को गंभीरता से लेकर इन अपराधों में तत्पर और सक्रियता से कार्यवाहियां की जा रही हैं । इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना प्रियंका मिश्रा के पर्यवेक्षण में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा मंडी में चना की फसल बेचने आए किसान को फसल का ज्यादा दाम देने का लालच देकर किसान की फसल कम तौलकर ठगी के मामले में तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए।

मात्र तीन दिनों में ही ठगी के तीन आरोपी गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की गई है ।दिनांक 04 दिसंबर 2025 को अनिल पुत्र स्व. जसवंत रघुवंशी उम्र 35 साल निवासी ग्राम भादौर थाना आरोन ने कैंट थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपनी चना की फसल गुना की नानाखेड़ी मण्डी में बेचने के लिए लाया था, जिसकी मंडी में 5080 रूपये प्रति क्विंटल की रेट पर मंडी हुई ।

इसी दौरान व्यापारी प्रदीप पुत्र नारायण दास गुप्ता निवासी आर्य नगर, भिंड एवं उसके चार अज्ञात साथियों के साथ उसके पास आया और फसल को 100 रूपये अधिक दाम पर खरीदने का बोला, जिससे वह अपनी फसल उन्हें बेचने के लिए तैयार हो गया । इसके बाद उनके द्वारा जब चना तौला गया तो बचन 15 क्विंटल 08 किलो निकला । जबकि वह चना घर से तौलकर लाया था, जिसका वास्तविक 17 क्विंटल 25 किलो था ।

इस प्रकार उक्त लोगों के द्वारा किसान अनिल रघुवंशी की फसल का बजन कम तौलकर ठगी किए जाने पर आरोपियों के विरुद्ध कैंट थाने में अप.क्र. 1076/25 धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया ।कैंट थाना पुलिस द्वारा धोखाधडी के उक्त प्रकरण में तत्परतापूर्वक कार्यवाही की गई और अज्ञात आरोपियों की पहचान सुनिश्चत कर जिनकी सरगर्मी से तलाश की गई और जिनकी तलाश के क्रम में आज दिनांक 07 दिसंबर 2025 को मुखबिर सूचना पर प्रकरण में तीन आरोपी 1- दीपक पुत्र राजाराम अहिरवार उम्र 30 वर्ष, 2- प्रमोद पुत्र राम अवतार सिंह भदोरिया उम्र 45 वर्ष और 3- ब्रजकिशोर पुत्र रामदास अग्रवाल उम्र 48 वर्ष निवासीगण जिला भिंड को गिरफ्तार कर जिनके कब्जे से 8.40 क्विंटल चना, इलेक्ट्रोनिक तौलकांटा एवं 1.48 लाख रूपये नगदी बरामद किये गये हैं ।

उल्लेखनीय है कि आरोपियों द्वारा दिनांक 15 मई 2025 को भी नानाखेडी मंडी में चना की फसल बेचने आए किसान रामेश्वर पाल निवासी ग्राम बालाभेंट थाना विजयपुर के साथ भी इसी प्रकार से ठगी की घटना की गई थी, इस घटना पर से भी आरोपियों के विरूद्ध कैंट थाने में अप.क्र. 500/25 धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज हुआ था कैंट थाना पुलिस की इस सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव, प्रधान आरक्षक दीपेन्द्र सिंह परिहार एवं आरक्षक मयंक गोस्वामी का योगदान रहा है ।



## अवैध शराब तस्करी के मामले में फरार अंतिम आरोपी को भी पहुंचाया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिले के आरोन थाना पुलिस द्वारा अवैध शराब तस्करी के एक मामले में फरार तीसरे और अंतिम आरोपी को गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है । उल्लेखनीय है कि दिनांक 24 जुलाई 2025 की रात आरोन थाना पुलिस द्वारा एक स्विफ्ट कार क्रमांक MP04 YP 4414 से 10 पेटी अवैध देशी शराब के साथ शराब तस्कर गोलू धाकड़ निवासी ग्राम धरगा थाना मुरवासा जिला विदिशा को गिरफ्तार किया गया था । पुलिस की इस कार्यवाही के दौरान आरोपी के दो साथी मौके से भागने में सफल रहे थे ।

किन्तु पुलिस ने भागे हुए दोंनो लोगों की तत्काल पहचान कर जिनकी तुरंत सर्चिंग की गई और कुछ ही घंटों में फरार एक आरोपी बड्डेलाल उर्फ रामनारायण धाकड़ निवासी ग्राम हिनोतिया थाना आरोन को भी गिरफ्तार कर लिया गया था । प्रकरण में फरार तीसरे और अंतिम आरोपी विजय धाकड़ की पुलिस द्वारा निरंतर तलाश की जा रही थी और जिसकी तलाश में पुलिस की लगातार सतर्कता और मुखबिर सूचना के आधार पर गत दिनांक 06 दिसंबर 2025 को आरोन थाना पुलिस ने त्वरित और प्रभावी कार्यवाही कर प्रकरण में करीब 04 माह से फरार अंतिम आरोपी विजय उर्फ छोटू पुत्र रामनारायण उर्फ बड्डेलाल धाकड़ उम्र 19 साल निवासी ग्राम हिनोतिया थाना आरोन जिला गुना को भी गिरफ्तार कर लिया गया एवं आवश्यक कार्यवाही उपरांत आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया है ।

### ट्रेन में चढ़ते में महिला के हैंडबैग से सोने के आभूषण चोरी, जीआरपी थाने में मामला दर्ज

**गुना** । रेलवे स्टेशन गुना के प्लेटफॉर्म पर एक महिला यात्री उस समय ठगी का शिकार हो गई, जब ट्रेन में चढने के दौरान अज्ञात चोरों ने उसके हैंडबैग से लाखों के आभूषण चुरा लिए। यह घटना जीआरपी थाना गुना क्षेत्रान्तर्गत हुई, जहां फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बरखेड़ी महाराजा थाना राघौगढ़ निवासी सोना राजपूत पति सरवन राजपूत (42) ने जीआरपी थाना गुना में एक लिखित आवेदन पेश किया। फरियादी ने बताया कि गत दिवस वह ट्रेन संख्या 11604 बीना कोटा मेमो से गुना से रूठियाई जाने के लिए रेलवे स्टेशन गुना के प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर ट्रेन का इंतजार कर रही थीं। जैसे ही ट्रेन आई और वह उसमें चढने लगीं, उसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके हैंडबैग में रखा छोटा पर्स चुरा लिया। इस पर्स में उनके विवाह के समय भाई द्वारा दिए गए सोने के आभूषण रखे थे। जिसमें मंगलसूत्र 1 तोला, दो अंगूठी, एक जोड़ी कान के टॉप्स, एक कान की बाली इस तरह सोने का कुल वजन लगभग 23 ग्राम चोरी हो गया। जो आज की तारीख में लगभग ढाई लाख रुपए का है। प्रार्थिया सोना राजपूत ने बताया कि यह आभूषण उनकी शादी की निशानी थे। जीआरपी पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### श्री गुरु तेग बहादुर साहब के 350वीं शहीदी दिवस पर होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**गुना** । धन धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के 350 वी शहीदी दिवस को समर्पित गुरु साहेब जी की महान शहादत, उनके उपदेश तथा गुरु परंपरा की जानकारी जन जन तक पहुंचाने हेतु जिले भर में 3 माह तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम जिसकी पूर्व तैयारियों को लेकर रविवार को सर्व सनातन समाज की योजना बैठक गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा गुना में आयोजित की गई। उक्त बैठक में जिसमें महेंद्र सिंह संधू, बख्तावर सिंह, गुरुद्वारा सिंह सभा अध्यक्ष अमर जीत सिंह सलूजा, सचिव हरवीर सिंह सूद, कोषाध्यक्ष विजय सिंह सोढ़ी, बलविंदर सिंह रंधावा, समाजसेवी विकास जैन नखराली सहित सिंख, पजावी एवं सर्व सनातन धर्म के लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विषयों चर्चा हुई ।

## रोटरी के निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 230 रोगियों का हुआ नेत्र परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना

जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति के अंतर्गत रोटरी क्लब गुना एवं सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के तत्वाधान में रोटरी सदस्य अमित सोगानी के पिता पूर्व विधायक भागचंद सोगानी की पुण्य स्मृति में निःशुल्क नेत्र, शुगर व बीपी जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर शिविर रविवार को रोटरी भवन गुना में आयोजित किया गया। नेत्र शिविर संयोजक विकास जैन नखराली ने बताया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में सदगुरु संकल्प नेत्र चिकत्सालय के विशेषज्ञ डॉ अनिल पटेल एवं चिकित्सा दल द्वारा 230 से अधिक रोगियों का नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें शुगर, वीपी जांच कर उचित परामर्श दिया ओर जरूरत मंदों को निःशुल्क चश्मे वितरण किए। जांच के दौरान 95 रोगियों का मोतियाबंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए जिनको श्री सद्गुरु संकल्प नेत्र चिकित्सालय लटेरी भेजा गया। जिनको अब नेत्र ज्योति मिलेगी। इससे पूर्व शिविर का विधिवत शुभारंभ रोटरी अध्यक्ष सी ए ब्रजेश अग्रवाल, वरिष्ठ रोटेरियन शिखर चंद जैन, सचिव राजकुमार मंगल, . श्रवण एवट, शिविर संयोजक विकास जैन नखराली, कोषाध्यक्ष नरेंद्र पारस, गिर्राज अवग्राल, शंभूनाथ तिवारी, संजीव गर्ग, पवन अग्रवाल एवं विशाल अग्रवाल द्वारा मां सरस्वती जी एवं रनछोड़ दास जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ किया गया। इस अवसर पर सदगुरु कैंप इंचार्ज जीतू पाठक, नितेश सेन, मिलन बघेल, जितेंद्र जादौन, आरपी शुक्ला, वैभव गुप्ता, अर्जुन सहित रोटरी सदस्यों ने शिविर में उपस्थित रहकर नर सेवा ही नारायण सेवा भाव से सेवाकार्य किया। शिविर संयोजक श्री जैन ने बताया की नेत्र शिवर में मरीजों को निःशुल्क दवाईयां व चश्मा वितरण के साथ-साथ उनके रुकने एवं भोजन की व्यवस्था संस्था द्वारा निःशुल्क की गई।




हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 519. देवेन्द्र निर्मलकर पिता\पति दौलत राम निर्मलकर पता- दुर्गा चौक, मठपुरैना रायपुर, 520. दिशा वर्मा पिता\पति अनिल कुमार वर्मा पता- सद्दू LIG-717 RAIPUR, 521. भोला राम वर्मा पिता\पति स्व.रतन लाल वर्मा पता– रायपुर, 522. अमित साहू पिता\पति गौकरण साहू पता- प्रगति विहार कॉलोनी संतोषी नगर, 523. शुभम कुमार सिन्हा पिता\पति गंगा प्रसाद सिन्हा पता- राजा तालाब रायपुर, 524. राजा शा पिता\पति अनवर शा पता- गोकुल नगर रायपुर, 525. गया प्रसाद मानापुरे पिता\पति बाबू जी मानापुरे पता- प्रेम नगर गुढ़ियारी, 526. बरखा तिवारी पिता\पति दीपक कुमारतिवारी पता- टेकारी मंढार रायपुर, 527. अविनाश साहू पिता\पति हिरेन्द्र कुमार साहू पता- बढाई पारा ब्रम्देव मंदिर के पास रायपुर, 528. लोमश कुमार साहू पिता\पति गणेश राम साहू पता- खोरपा रायपुर, 529. भोजराज साहु पिता\पति तुकाराम साहु पता- कुरूद, 530. सूरज कुमार पिता\पति सुरेश पता- रावनगुंडा कुरूद, 531. शिवम् कुमार सहू पिता\पति धनेश राम साहू पता-ग्राम-बकली, 532. कु. मोनिका गुप्ता पिता\पति अमर नाथ गुप्ता जी पता- मठ मंदिर चौक धमतरी, 533. अमन अग्रवाल पिता\पति अजय अग्रवाल पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 534. अर्चना दुबे पिता\पति बी. एस.तिवारी पता- वार्ड न.-3 डोंगरगढ़, 535. मनवीर राज कौर पिता\पति शंद्री सिंह जगमहिमा पता- डोंगरगढ़, 536. रीतू वर्मा पिता\पति देवेन्द्र वर्मा पता- वार्ड न.09 कोविया, 537. नरेश साहू पिता\पति किशन लाल पता- संजय नगर कांकेर, 538. श्रीमती जानकी देवांगन पिता\पति श्री जगदीश प्रसाद देवांगन पता- डौंडी लोहारा, 539. सोमेश पाण्डेय पिता\पति स्व. मदन प्रसाद पाण्डेय पता- जगदलपुर, 540. संदीप कुमार सेन पिता\पति रघुराज सेन पता- शंकर नगर वार्ड न.-09, 541. श्री राम साहू पिता\पति जी.आर.साहू पता- रामनगर कवर्धा, 542. जलेन्द्र कुमार साहू पिता\पति महेंद्र कुमार साहू पता- सुहेला, 543. कशिश नेताम पिता\पति हरिशंकर नेताम पता- आर.ई.एस.कॉलोनी कोंडागांव, 544. काजल साहू पिता\पति दया राम साहू पता- बजरंग पारा कोहका, 545. शौर्य जंघेल पिता\पति हिरेन्द्र जंघेल पता- लक्ष्मी नगर सुपेला, 546. मेघा साहू पिता\पति मोहन लाल साहू पता- सरस्वती कुंज रिसाली भिलाई, 547. श्रीमती आशा ताम्रकार पिता\पति स्व. भारत भूषण ताम्रकार पता- म.न.20/1 नेहरू नगर पूर्व भिलाई, 548. धीरज कुमार पिता\पति फूलचंद प्रसाद पता- खुर्शिपार जोन-03 भिलाई, 549. अश्वनी कुमार साहू पिता\पति बी.आर साहू पता- राकेश चौक वार्ड न.04 जरवाय भिलाई 03, 550. यशवंत कुमार पिता\पति घनाराम नेताम पता- प्लाट न.182/3 व्ही.आई. पी नगर, 551, अजय कुमार पाण्डेय पिता\पति अश्वनी कुमार पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 552. भूपेश कुमार यादव पिता\पति कैलाश प्रसाद यादव पता- दुर्गा मंदिर के पास खुर्शिपार भिलाई, 553. कशिश साहू पिता\पति हिरामत लाल साहू पता- नयापारा उतई, **बिलासपुर संस्करण –** 554. पूर्णिमा पिता/पति समिति दफाई कोरिया कॉलोरी, 555. रितेश गुप्ता पिता/पति राजेन्द्र गुप्ता पता- बाजार पारा बैकुठपुर, 556. रोहित कुमार पिता/पति कृष्णा कुमार साहू पता- तलवा पारा बैकुठपुर, 557. प्रियंका गुप्ता पिता/पति दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- तलवा पारा, 558. योगेश चंद्रा पिता/पति पन्नालाल चंद्रा पता- स्कूल पारा बैकुठपुर, 559. गोविंद कुमार पिता/पति प्यारे मोहन पता- कचहरी पारा बैकुठपुर, 560. नैना चौरसिया पिता/पति फते बहादुर चौरसिया पता- बैकुठपुर, 561. दीपक कुमार जायसवाल पिता/पति अशोक कुमार जायसवाल, पता- सकरीया, 562. हर्ष यादव पिता/पति खिलानंद यादव पता- स्कूल पारा ओड़गी, 563. स्वाती गोयल पिता/पति सुशील गोयल पता- चरचा कोलोरी, 564. संदीना पिता /पति मो. अबूताब अंसारी पता- महाराणा प्रताप अंसारी चरचा, 565. सुष्मिता यादव पिता /पति स्कूल पारा ओड़गी बैकुठपुर कोरबा जिला, 566. अहमद रजा खान पिता/पति अंजार अहमद खान पता- सीतामढी बाल्को कोरबा, 567. श्रीमती शीतला साहू पिता/पति संजय साहू पता- दीपका कोरबा, 568. बबीता चौहान पिता/पति विषम चौहान पता- कोरबा, 569. सतीश चौहान पिता/पति सुखीराम चौहान पता- पोड़ीमार भदरापारा बाल्को कोरबा, 570. संस्कार राठौर पिता/पति ब्रम्हानंद राठौर पता- हरदीबाजार कोरबा, 571. श्री अजय खैरवार पिता/पति रामप्रसाद खैरवार पता- बाजार मोहल्ला बाल्को कोरबा, 572. नावानोनी यादव पिता/पति बबलू यादव कोरबा, 573. गायत्री भारद्वाज पिता/पति नंदकुमार भारद्वाज पता- नेहरू नगर बाल्को, 574. प्रदीप सिंह चंदेल पिता/पति लक्ष्मण सिंह चंदेल पता- शांति नगर बाल्को, 575. महेन्द्र कुमार बांधकर पिता/पति जनकराम बांधकर पता- इंदिरा नगर बाल्को, 576. कमलेश कुमार साहू पिता/पति श्याम लाल साहू पता- नेहरू नगर बाल्को, **भोपाल संस्करण –** 577. राजेश वर्मा पिता\पति नाथूलाल वर्मा पता- फेस-2 कान्हा कुंज अकबरपुर भोपाल, 578. साधना सेन पिता\पति रोशनलाल पता- नयाबसेरा कोटरा, 579. हिमांशी पिलवान पिता\पति मगनदास पता- पिलवान 824 दुर्गा नगरकोलार, 580. दीपक दिलवारिया पिता\पति जयनारायण दिलवारिया पता- नेहरू नगरमेन रोड, 581. सपना वर्मा पिता\पति राममनोहर वर्मा पता- विदिशा, 582. शेखर नामदेव पिता\पति सेवाराम नामदेव पता- विदिशा, 583. सुदीप नामदेव पिता\पति शिवराम नामदेव पता- विदिशा, 584. शाश्वत शर्मा पिता\पति सुनील शर्मा पता- गोदावरी कॉलोनी विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 585. सिलिवया मसीहा पिता\पति चंद्रभान पता- कोतमा, 586. अभिनय सोनी पिता\पति कैलाश सोनी पता- वार्ड नंबर 4 कोतमा अनूपपुर, 587. अनिल कुमार गुप्ता पिता\पति धन प्रसाद गुप्ता पता- कोतमा अनूपपुर, 588. मनीष सेन पिता\पति केदार प्रसाद सेन पता- पुरानी बस्ती कोतमा वार्ड नंबर 6 अनूपपुर, 589. सुयश जैन पिता\पति मनीश कुमार जैन पता- कोतमा, 590. यातिका केवट पिता\पति हरी लाल केवट पता- ग्राम पौड़ी कोतमा अनूपपुर, 591. कार्तिक सेन पिता\पति अशोक सेन पता- कोतमा अनूपपुर, 592. शिफरा पिता\पति मो सरफराज वार्ड क्रमांक 7 प्रो में अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### साप्ताहिक जैविक हाट बाजार का हुआ आयोजन

# जैविक हाट बाजार जिले में जैविक व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है: कलेक्टर कन्याल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना




जिला प्रशासन की पहल पर शास्त्री पार्क सब्जी मंडी, गुना में प्रत्येक रविवार की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए साप्ताहिक जैविक हाट बाजार उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। सुबह से ही बाजार में किसानों और उपभोक्ताओं की आवाजाही देखते ही बन रही थी। बाजार में किसानों द्वारा ताजी जैविक सब्जियां, ताजे फल, शुद्ध मसाले, अनाज, डेयरी उत्पाद, केंचुआ खाद (Vermicompost), गोमूत्र एवं प्राकृतिक जैविक खाद, साथ ही पॉलीहाउस के कट-फ्लॉवर गुलाब, देसी लूज़ फ्लावर, तथा राज्य आजीविका मिशन की महिलाओं के घरेलू एवं हस्तनिर्मित उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहे। उपभोक्ताओं ने रसायन-मुक्त और शुद्ध उत्पादों की खूब सराहना की। कलेक्टर कन्याल ने कहा कि जैविक हाट बाजार जिले में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। यह पहल किसानों की आय वृद्धि के साथ-साथ शहरवासियों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जिला प्रशासन इस पहल को और विस्तार देने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। उप संचालक उद्यानिकी के.पी.एस. किरार ने बताया कि जैविक हाट बाजार किसानों के लिए विश्वसनीय विपणन मंच बन चुका है, जहां उन्हें उचित मूल्य और उपभोक्ताओं से सीधा संपर्क मिलता है। उन्होंने कहा कि जिले में स्वस्थ्य खाद्य संस्कृति को प्रोत्साहित करने में यह अभियान अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहा है।आज के आयोजन में किसानों और खरीदारों की सहभागिता उल्लेखनीय रही तथा पूरे कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## समाचार संक्षेप

### नगर परिषद चाचौड़ा–बीनागंज में सफाई मित्रों को 12 नई कचरा गाड़ियों का वितरण



**चाचौड़ा।** नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर परिषद चाचौड़ा–बीनागंज द्वारा सफाई व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। इसी क्रम में आज नगर परिषद कार्यालय परिसर में सफाई मित्र कर्मचारियों को कुल 12 नई हाथ कचरा गाड़ियाँ वितरित की गईं।कचरा गाड़ियों की कमी को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी श्री रवि मालवीय एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शओम त्र्यंबकेश्वर शर्मा ने संयुक्त रूप से इन गाड़ियों का वितरण किया। अधिकारियों ने बताया कि नई गाड़ियों के मिलने से सफाई कार्य में गति आएगी और नगर की स्वच्छता व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।वितरण कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद के सभी सफाई मित्र कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सफाई मित्रों के श्रम, निष्ठा एवं समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें स्वच्छता अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए प्रेरित किया। नगर परिषद द्वारा उठाया गया यह कदम नगर की स्वच्छता को नई दिशा देने वाला साबित होगा।

### कायस्थ समाज ने किया सम्मान




**गुना।** सर्वप्रथम भगवान श्री चित्रगुप्त जी के जयकारे लगाए एवं उपस्थित सभी कायस्थ समाज जनों ने महा आरती की कास्ट एकता जिंदाबाद के नारे के साथ सम्मान समारोह प्रारंभ किया। इसमें भाजपा गुना ने केंट मंडल एवं बूढ़े बालाजी मंडल कार्यकारिणी में 3 ( तीन) कायस्थ समाज के युवाओं को दायित्व दिया है। कायस्थ समाज गुना द्वारा भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर जाट पुरा गुना में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। भाजपा केंट मंडल की कार्यकारिणी में सत्येंद्र श्रीवास्तव को मंत्री एवं पंकज सक्सेना को मीडिया प्रभारी का दायित्व मिला है एवं बूढ़े बालाजी मंडल में अंशुल श्रीवास्तव को महामंत्री का दायित्व दिया है । कायस्थ समाज गुना द्वारा तीनों युवाओं को बुके एवं पुष्पमाला पहना कर सम्मानित किया । मिष्ठान वितरण किया गया । मंच संचालन असीम भटनागर ने किया। सर्वप्रथम अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव द्वारा पुष्प माला पहना कर सम्मान समारोह प्रारंभ किया गया । उपस्थित सभी ने तीनों का सम्मान किया। इस मौके पर वरिष्ठ समाज सेवी रामस्वरूप माथुर, प्रकाश श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव ,मोहनलाल श्रीवास्तव ,नितिन सक्सेना, शिवम श्रीवास्तव ,नवोदित सक्सेना, रमन सक्सेना, मनोज श्रीवास्तव, अनिकेत श्रीवास्तव ,देव श्रीवास्तव, प्रिंस श्रीवास्तव , आदि बड़ी संख्या में कायस्थ जन उपस्थित हुए। अंत में आभार नितिन सक्सेना द्वारा किया गया।

महावीर जिनालय में हुई मुनि श्री दुर्लभ सागर की प्रथम धर्म देशना

# आत्मा से जानने वाली वस्तु को इंद्रियों से नहीं जाना जा सकता है: मुनि श्री दुर्लभ सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन



विगत पांच माह से आरोन नगर में बर्षायोग हेतु विराजमान वात्सल्य मूर्ति बीजाक्षर प्रणेता मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज की महावीर जिनालय में प्रथम धर्म देशना हुई। विगत दिवस मुमुक्षु मंडल महावीर जिनालय कमेटी द्वारा मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज ससंघ से महावीर जिनालय में मंगल प्रवचन करने का आग्रह किया था। जिसके पश्चात मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज ने महावीर जिनालय में अपने मंगल आशीर्वचनों को देने की स्वीकृति प्रदान की थी।

चातुर्मास कमेटी के प्रचार मंत्री सुनील झंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि दोपहर में मुनि श्री को बड़ा जैन मन्दिर से दिव्य घोष के साथ जुलुश के रूप में कार्यक्रम स्थल महावीर जिनालय ले जाया गया।

सुज्ञान जागृति पाठशाला के बच्चे, बहिनें,सेवा दल,समितियों के सदस्य एवं जैन समाज कमेटी के अध्यक्ष विजय डोडिया एवं ट्रस्ट कमेटी के सभी पदाधिकारी, सदस्यगण व समाज जन इस जुलूस में शामिल हुए। महावीर जिनालय पर मुमुक्षु मंडल के अध्यक्ष अशोक जैन महोटी, अमन जैन शास्त्री, कैलाश जैन खिरिया,प्रकाशचंद भगवन्तपुर, सुरेश जैन खिरिया, गुलाबचंद भगवंतपुर, कपूरचंद उनारसी,डिंपी जैन ने मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज एवं पूज्य क्षुल्लक श्री निर्धूम सागर जी महाराज के पाद प्रक्षालन कर मुनि श्री की मंगल आगवानी की एवं मुनि श्री से अपनी ज्ञानमयी वाणी से लाभान्वित करने का निवेदन किया। इस अवसर पर मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज ने आचार्य कुंदकुंद स्वामी द्वारा लिखित समयसार ग्रंथ पर अपनी धर्मोपदेशना देते हुए कहाकि शुद्धोपयोग का रस चखने के लिए समयसार ग्रंथ का अपना एक महत्व है। जो बस्तु आत्मा से जानी जाती है उसे इंद्रियों से नहीं जाना जा सकता है। क्योंकि आत्मानुभूति को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता है।

मुनि श्री ने कहाकि समयसार एक समाधान ग्रंथ है और इसकी 13 से 14 गाथाओं से भी बहुत कुछ जाना जा सकता है। मुनि श्री ने चार पुरुषार्थों में काम पुरुषार्थ के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहाकि यदि न्याय और नीति पूर्वक संतानोत्पत्ति की जाए तो वह काम भी पुरुषार्थ है। उन्होंने भोग के संदर्भ अपनी बात को विस्तार देते हुए कहाकि भोग शहद में लिपटी हुई तलवार के समान है।

शहद में लिपटी हुई तलवार को को चाटोगे तो शुरू में कुछ पलों के लिए तो शहद का स्वाद आनंद देता है लेकिन जिव्हा के कटने पर और लहू निकलने पर दर्द की अनुभूति होती है तब आपको काम में भी दुख का अनुभव होगा। मुनि श्री ने बताया कि कामान्ध हाथी भी अपने से कमजोर व्यक्ति के अंकुश में आकार नियंत्रित हो जाता है अतः काम वासना से बचें। धर्म सभा में सैकड़ों श्रावक श्राविका उपस्थित थे।

### श्री महावीर जिनालय में हुई धर्म देशना, हीरेंद्र सिंह दादा भाई ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

नगर में चातुर्मास कर रहे परम पुज्य मुनि108 श्री दुर्लभ सागर जी महाराज की विशेष धर्म देशना नगर में स्थित श्री महावीर जिनालय में हुई कार्यकृम की शुरुआत सुबह बड़े जैन मंदिर में 29 बेदियों पर विराजमान श्री जी पर विशेष शांतिधारा अभिषेक के साथ हुई जिसमे मुर्ति पुर्ण्याजक परिवारों के साथ लकी ड्रा कुपन द्वारा निकले नाम द्वारा पुर्ण्याजक परिवारों ने की दोपहर में बड़े जैन मंदिर जी से मुनिश्री के साथ सकल जैन समाज के साथ जुलुस श्री महावीर जिनालय पहुंचा। जहां पर जिनालय अध्यक्ष अशोक मोहटी सहित कमेटी ने मुनिश्री की भव्य आगवानी की जहाँ पर मुनि श्री धर्मसभा को संबोधित किया । धर्मसभा राघौगढ़ विधान प्रत्याशी जिला उपाध्यक्ष हीरेन्द्र सिंह बंटी बनाजी मुनिश्री का आर्शीवाद लेने पहुंचे मुनिश्री के चरणों में श्रीफल भेंट कर आर्शीबाद प्राप्त किया जहाँ पर श्री महावीर जिनालय कमेटी द्वारा उनका शाल श्रीफल द्वारा सम्मान किया गया । दादा भाई के साथ मण्डल अध्यक्ष मुनेष जैन पाषर्द वृजेंद्र सिंह राजपुत पार्षद प्रतिनिधि सोनु लांचा उपस्थित थें समस्त कार्यकम में विजय डोडियां अशोक मोहटी कैलाश चंद कपुर चंद आशीष डिम्पी राजीव भुगनपुर सुरेश दीपक खिरिया गुलाबचंद वीरेंद्र वर्तन आजाद आर्पित सकल दिगम्बर जैन समाज उपस्थित रही समस्त कार्यकृम की जानकारी केके सरकार द्वारा दी गयी।

# गुना रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को बड़ी राहत

### 3 दिसंबर से साइकिल व फोर-व्हीलर स्टैंड शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

लंबे समय से पार्किंग सुविधा के अभाव में परेशान हो रहे अपडाउनर और रेल यात्रियों को आखिरकार बड़ी राहत मिल गई है। गुना रेलवे स्टेशन पर साइकिल स्टैंड का ठेका खत्म होने के बाद पार्किंग व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गई थी। यात्री सेवा संगठन द्वारा लगातार उठाई जा रही मांग और वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाने के बाद अब 3 दिसंबर 2025 से नया साइकिल स्टैंड पुनः शुरू कर दिया गया है, साथ ही स्टेशन पर वर्षों से लंबित फोर-व्हीलर पार्किंग की सुविधा भी प्रारंभ कर दी गई है।यात्री सेवा संगठन के अध्यक्ष सुनील आचार्य ने बताया कि पूर्व में फोर-व्हीलर स्टैंड न होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ती थी। मजबूरन लोग अपनी गाड़ियां नो पार्किंग और खुले सर्किट क्षेत्र में खड़ी कर जाते थे, जिससे स्टेशन परिसर अव्यवस्थित हो जाता था और यात्रियों के आवागमन में गंभीर बाधा उत्पन्न होती थी।लगातार मांग और प्रयासों के बाद रेल महाप्रबंधक व स्टेशन प्रबंधक ने इस प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए पार्किंग व्यवस्था को हरी झंडी दे दी है। अब स्टेशन पर यात्रियों के लिए साइकिल, टू-व्हीलर और फोर-व्हीलर—तीनों प्रकार के वाहनों के लिए व्यवस्थित, सुरक्षित और आधिकारिक पार्किंग सुविधा उपलब्ध हो गई है।पार्किंग शुल्क (गुना स्टेशन)टू-व्हीलरः 6 घंटे 10 (सामान्य), 20 (24 घंटे)फोर-व्हीलरः 6 घंटे 20 एंव 24 घंटे 60रुपये. आम यात्री अपडाउनर को मासिक पास 400 रुपये मे बनेगा अंय सरकरी स्टाफ को मासिक पास 300 रुपये मे बनेगा. रेलवे स्टाफ को पास 200 रुपये मे बनेगा यात्री सेवा संगठन के अध्यक्ष सुनील आचार्य ने फोर-व्हीलर स्टैंड शुरू कराने पर रेल प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुविधा स्टेशन की सबसे बड़ी जरूरत थी और इसके शुरू होने से हजारों यात्रियों को प्रतिदिन राहत मिलेगी।

### आरोन में 14 दिसंबर से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**आरोन।** नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ पीतांबरा सेवा समिति आरोन द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आध्यात्मिक आयोजन 14 दिसंबर से 21 दिसंबर 2025 तक चलेगा।कथा का आयोजन स्थल सरस्वती कॉलोनी स्थित गोस्वामी वाटिका (टॉकीज़ के पीछे) निर्धारित किया गया है। कथावाचन का पावन कार्य कथावाचक पंडित व्यास श्री राम सेवक शास्त्री द्वारा किया जाएगा, श्रीमद् भागवत महापुराण का रसपूर्ण और प्रेरक वाचन करेंगे।आयोजक समिति ने नगरवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा का लाभ लेने एवं धर्म–संस्मरण की इस पावन धारा का हिस्सा बनने की अपील की है।

# गीता सप्ताह के तहत सप्तम दिवस अखंड गीता पाठ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना



विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल गुना द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में गीता सप्ताह के अंतर्गत सप्तम दिवस अखण्ड गीता पाठ का आयोजन किया गया जिसमें संपूर्ण गीताजी के श्लोकों का पाठ तथा हवन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

श्लोकों का वाचन पंडित अंकित पाण्डेय, पंडित गौरव शर्मा,आशीष शर्मा पंडित गणेश प्रसाद भार्गव, साकेत रघुवंशी सहित अन्य विद्वान ब्राह्मणों ने वाचन किया।हवन में भागवती वीरेंद्र भार्गव, राखी देवेन्द्र भार्गव, आशा प्रदीप, श्रीमती रेखा पाण्डेय, अवधेश शर्मा अध्यक्ष ब्राह्मण समाज ने भाग लिया।

सभी ग्रंथ किसी न किसी लेखक द्वारा लिखे गए हैं जबकि गीता भगवान कृष्ण के मुख से निकली वाणी है। भगवान ने कहा कि जो सब कुछ छोड़कर मुझ पर दृढ़ विश्वास रखकर मेरी शरण में निर्मल मन से मेरी शरण में आ जाता है उसके सब संकट अपने आप दूर हो जाते हैं गीताजी में हर समस्या का हल हैभगवान ने कहा कि बिना फल की ईच्छा कर मनुष्य को अपना काम करना चाहिए। उक्त विचार डाक्टर सतीश चतुर्वेदी ने व्यक्त करते हुए कहा कि मनुष्य को गीताजी का पाठ नियमित करना चाहिए।

ओमप्रकाश पाराशर प्रांतीय संरक्षक,बुंदेल सिंह यादव,सुधीर सक्सेना केन्द्रीय संयुक्त सचिव, डाक्टर सतीश चतुर्वेदी,एस के राजौरिया, ब्रह्म दत्त शर्मा, मनोज शर्मा पत्रकार तथा प्रचार प्रमुख, मनोज तिवारी, राजकमल शर्मा, उमाशंकर भार्गव, अनिल भार्गव, सुरेन्द्र वशिष्ठ, श्णा शर्मा, महेन्द्र सोनी सहित समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।अगला गीता स्वाध्याय 14/12/25 रविवार को शाम चार बजे गणेश भवन द्वारकाधीश मंदिर के पास आयोजित किया गया है। आयोजक पंडित मनोज शर्मा प्रचार प्रमुख ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने का अनुरोध किया है।

# नपा अध्यक्ष ने त्रिलोकपुरी कॉलोनी में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

नगर पालिका परिषद अशोकनगर द्वारा शहर के चहुंमुखी विकास की कड़ी में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। रविवार को वार्ड क्रमांक 01 त्रिलोकपुरी कॉलोनी, परिहार मोहल्ले में 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया ने वार्ड क्रमांक 01 से पार्षद निक्की मोनू रघुवंशी के साथ परिषद के पार्षदों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया।

पहली बार मिलेगी सड़क, निवासियों में खुशी की लहर\ कॉलोनी के निवासियों के लिए यह परियोजना विशेष महत्व रखती है, क्योंकि कॉलोनी बनने के बाद यह पहला अवसर है जब उन्हें सड़क की सुविधा मिलेगी। इस निर्माण कार्य में परिहार मोहल्ले मे जीओ टावर से लेकर काकड़ा वालो के मकान तक सड़क और नाली का निर्माण किया जाएगा, जिससे वर्षों पुरानी जलभराव और आवागमन की समस्या दूर होगी। स्थानीय रहवासियों ने इस पहल के लिए नगर पालिका परिषद और अध्यक्ष श्री मानोरिया का आभार व्यक्त किया है। भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष रीना मनोज शर्मा, पार्षद निक्की मोनू रघुवंशी पार्षद प्रमेन्द्र तायडे जॉर्ज, पार्षद विपिन शिवहरे,पार्षद हेमलता धर्मेंद्र रघुवंशी खेजरा, पार्षद शालिनी योगेश खेरा, पार्षद आयुषी सतपाल लोधी, पार्षद शशि गोपाल ओझा, नन्दलाल यादव, मुकेश कलावत बाबा शिवहरे, गोलू सहित नगर पालिका से सब इंजीनियर भानु कुशवाहा और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की ओजस्विनी आयाम की जिला बैठक आयोजित की गई

**अशोकनगर।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के आयाम ओजस्विनी परिषद की जिला स्तरीय बैठक रविवार को पछाड़ीखेड़ा स्थित लव-कुश मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में महिलाओं की सुरक्षा, सामाजिक जागरूकता, सांस्कृतिक संरक्षण तथा बहन-बेटियों को गुमराह करने से जुड़े मामलों पर चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत महामंत्री एडवोकेट अनिल अग्रवाल ने कहा कि संगठन को जिले में ऐसी घटनाओं पर सतर्क रहकर समाज में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने दावा किया कि कुछ मामलों में युवतियों को प्रेम-संबंधों के बहाने गुमराह किया जाता है, जिसे संगठन 'लव जिहाद' के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि यदि किसी युवती पर दबाव या धोखे का संदेह हो तो परिवार, समाज और कानून की मदद ली जानी चाहिए। विभाग अध्यक्ष राजेन्द्र नामदेव ने संगठन की गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परिषद का उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना तथा सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित करना है। बैठक में जिला अध्यक्ष संतोष रजक, ओजस्विनी जिला अध्यक्ष डोली लोधी, रूपाली चंदेल, परी शर्मा, पूजा विश्वकर्मा, राधिका रजक, मोनिका लोधी सहित संगठन की कई पदाधिकारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन सामाजिक समरसता और महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के संकल्प के साथ किया गया।

# जिले में धर्म रक्षक सम्मेलन संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर



जिले में धर्म रक्षक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में साधु संत एवं कथावाचकों की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री 1008 जगतगुरु महामंडलेश्वर श्रीराम गोपाल दास महाराज के उत्तराधिकारी शिष्य महन्त रामचंद्र दास महाराज बड़ा मंदिर मल्हारगढ़ रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य देव मुरारी बापू ने की एवं विशेष स्थिति के रूप में अचार्य जगदीश शर्मा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गुना विभाग के समग्र ग्राम विकास संयोजक आनंद भार्गव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज धर्म रक्षा की आवश्यकता क्यों हुई धर्म तो बढ़ रहे हैं। धार्मिक लोग भी बड़ रहे इसके बावजूद आज वर्तमान परिवेश में धर्म पर आघात भी बहुत बढ़ रहे हैं। संतों पर आक्रमण हो रहे हैं धार्मिक जुलूस पर हमला हो रहे हैं और इन सब से ऊपर हमारे सनातन संस्कृति पर लगातार योजना मध्य तरीके से हमिला किये जा रहे इसलिए आज धर्म की रक्षा करने वाले धर्म रक्षों की आवश्यकता है। यह काम समाज में हमारे संत जन कर सकते हैं जिसमें उन्होंने आगे कहा कि आज संघ पंच परिवर्तन पर काम कर रहा है स्वदेशी, नागरिक शिष्टाचार ,कुटुंब प्रबोधन पर्यावरण और समरसता के विषय पर विस्तृत वर्णन करते हुए आनंद भार्गव ने कहा कि कुटुंब प्रबोधन की आवश्यकता आज समाज को है। आज किसी भी कीमत पर हमारे कुटुंब टूटने नहीं चाहिए पर्यावरण के विषय पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा ही धर्म की रक्षा है समरसता विषय रखते हुए उन्होंने आगे कहा कि हम सब समाज में समरस का भाव लेकर चलें और समरसता का भाव ही हमें जाति से ऊपर बढ़कर देखना चाहिए। नागरिक शिष्टाचार पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि जब हम घर से बाहर निकलते हैं तो अपने नागरिक शिष्टाचार का हमें पूर्ण ज्ञान होना चाहिए हमारे अंतर मन से ऐसा कोई काम नहीं होना चाहिए। जो पर्यावरण समरसता या नागरिक शिष्टाचार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े।

आरोपियों को गिरफ्तार कर गांजा किया जब्त

# थाना कोतवाली की अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर



पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा शहर में नशीले पदार्थों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को थाना कोतवाली द्वारा 1.250 किलो सूखा गांजे के साथ एक महिला को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली अंतर्गत रविवार को मुखविर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक महिला बढी मात्रा मे मादक पदार्थ गांजा सप्लाई करने जा रही है। सूचना पर कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी गई। जहां से उक्त महिला को मय अवैध मादक पदार्थ गांजा के अभिरक्षा मे लिया गया। महिला का नाम अनीता पत्नी प्रेमनारायण कुशवाह उम्र 35 साल निवासी कछियाना मोहल्ला अशोकनगर का होना बताया। आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया व कब्जे से 1.250 किलो सूखा गांजा कीमती करीबन 15 हजार रुपये को आरोपिया से मौके पर जप्त किया गया व आरोपिया को ज्यूडिसियल रिमांड हेतु न्यायालय पेश किया गया।

### रेडक्रॉस सोसायटी का शपथ समारोह 9 दिसम्बर को

**अशोकनगर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के नवीन पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 9 दिसंबर मंगलवार को स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर पठार पर आयोजित किया गया है। समिति के प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि नवनिर्वाचित चेयरमैन डॉ जयमंडल सिंह यादव, उपाध्यक्ष राजीव जाट, सचिव संजय रघुवंशी, कोषाध्यक्ष देवेंद्र अग्रवाल लल्ला, प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी, डॉ दीपक मिश्रा सहित नवनिर्वाचित सभी सदस्यों डॉ राजकुमार शर्मा, सतीश पाराशर, अंकित छाबड़ा, मनीष जैन को दायित्व की शपथ दिलाई जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश रेड क्रॉस सोसाइटी के महासचिव रामेंद्र सिंह, अध्यक्षता रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष कलेक्टर आदित्य सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम दोपहर 2: 00 बजे से शुरू होगा।

# शिक्षकों को नियुक्ति दिनांक से बहाल हो वरिष्ठता: शिक्षक संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर




मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की प्रदेश बैठक मानस भवन गुना में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौर ने की। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यवाह अशोक अग्रवाल, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के संगठन मंत्री महेंद्र कपूर उपस्थित रहे।

शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा ने शिक्षकों की समस्याओं को उठाते हुए कहा कि शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देते हुए पुरानी पेंशन बहाल की जाए। शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करते हुए शिक्षण कार्य कराने हेतु स्वतंत्र छोड़ दिया जाए। गैर शैक्षणिक कार्यों, अव्यावहारिक ऑनलाइन कार्यों, विभिन्न प्रकार के सामाजिक, राजनैतिक कार्यों, तमाम प्रशिक्षणों के चलते शिक्षक अपना मूल कार्य नहीं कर पा रहा हैं। जिसके चलते शिक्षक का सम्मान लगातार कम हो रहा है। शिक्षकों को पदोन्नति, क्रमोन्नति आदि का समय पर लाभ दिया जाए। मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय (एनआईओएस, इग्नू,भोज आदि) से शिक्षकों को बीएड और डीएड कराया जावे।

संघ के क्षेत्रीय कार्यवाह अग्रवाल ने संघ की 100 वर्ष की यात्रा और पंच परिवर्तन पर अपनी बात रखी। अखिल भारतीय संगठन मंत्री ने प्रवास, कार्य विस्तार और संगठन के कार्यों पर अपने विचार रखे। प्रदेश अध्यक्ष क्षत्रवीर सिंह राठौर और प्रदेश महामंत्री राकेश गुप्ता ने बताया कि शासन से लगातार बात हो रही है शीघ्र ही प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता बहाल होगी। कोर्ट प्रकरण के निराकरण के बाद पदोन्नतियां शुरू होगी, शिक्षकों को 35 वर्ष की सेवा के बाद चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ मिलेगा तथा कैशलेश बीमा योजना का लाभ भी मिलने जा रहा है। ई अटेंडेंस के विषय पर शिक्षक संघ ने कहा कि हमारे शिक्षक ऐप में व्याप्त खामियों को दूर किया जाए तथा जब तक इसकी खामियां दूर नहीं होती,तब तक इसके आधार पर वेतन रोकने की कार्यवाही नहीं की जाए।

कोषाध्यक्ष पद के लिए आया केवल एक नाम

# मुंगावली जैन समाज पंचायत चुनाव प्रक्रिया हुई शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶मुंगावली

दिगम्बर जैन पंचायत के चुनावों की घोषणा के साथ शनिवार को नामांकन प्रकिया शुरू हुई। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष, सहमंत्री, आडिटर सहित कुल 10 सदस्य के चुनाव संपन्न होना तय हुआ। शनिवार रात 09 बजे तक सभी पदों पर नामांकन फार्म भरे गए, जिसमे राहुल जैन सराफ़ का कोषाध्यक्ष पद के लिए केवल एक ही नाम आया है। जिससे वह निर्विरोध ही कोषाध्यक्ष पर माने जा रहे है, वही अध्यक्ष पद के लिए चार,उपाध्यक्ष पद के लिए 6 महामंत्री के लिए दो, सहमंत्री के दो, ओर आडिटर के लिए दो प्रत्याशी ने अपना नामांकन चुनाव कार्यालय में जमा कराया है। वही नाम वापसी 9 व 10 दिसंबर को होगी। इसके अलावा मतदान आगामी 14 दिसंबर को सम्पन्न होगी, उसी दिन मतगणना की जाएगी और सभी पदों के पदाधिकारियों को घोषणा की जाएगी, निर्वाचन अधिकारी अरुण जैन, धर्मेन्द्र जैन ओर मुकेश जैन द्वारा सभी चुनावी प्रक्रिया शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी ममता बाई रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कल्ला और कान्हा रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोती मोहल्ला अशोकनगर निवासी मोहित सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामप्रसाद पाल और मनीष पाल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत गा्रम सावन निवासी पानबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी प्रेम नारायण और जगदीश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोहनपुर निवासी वीरसिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजराज लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बघनरी निवासी वीरसिंह पुत्र खल्कूराम ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पप्पू और ओमकार प्रजापति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की चन्देरी पुलिस ने दसरथ यादव निवासी खाकलोन के पास से 7 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। ईसागढ पुलिस ने जमडेरा निवासी रामदयाल आदिवासी के पास से 7 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। कदवाया पुलिस ने सर्करा निवासी भागीरथ केवट के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। मुंगावली पुलिस ने डिपो कॉलोनी मुंगावली निवासी संजना सांसी के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### अज्ञात वाहन ने बाईक में टक्कर मारी

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने में मोनू केवट निवासी नीमखेडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात वाहन चालक ने कबीरी मैन रोड पर फरियादी की बाईक में टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आईं हैं पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर मामला दर्ज किया है।

### सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ

**पिपरई।** नगर की सुख शांति एवं समृद्धि के उपलक्ष मैं बात क्रमांक 3 के अशोक राजपूत के यहां पुजारी सुरेंद्र महाराज के द्वारा विधि विधान से पूजन कर सुंदरकांड का पाठ संगीतमय में संगीत मंडली के द्वारा किया गया जिसमें सभी वार्ड वासी उपस्थित रहे एवं नगर की सुख समृद्धि एवं नगर के विकास हो इसी कामना के साथ सुंदरकांड पाठ पूर्ण कर सभी जनों को प्रसाद वितरण किया।

## जन आस्था का केन्द्र होंगे ये मंदिर, श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़

# पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के साथ शहर के मंदिरों को बदल रहा इतिहास





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में हो रहे पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में जिन प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा हो रही है वह प्रतिमाएं अशोकनगर के उन मंन्दिरों में विराजमान की जाएगीं जिनका अपना एक इतिहास रहा है। इन मन्दिरों का भी स्वरूप बदल रहा है यह मन्दिर भी आने वाले दिनों में जन आस्था के केन्द्र तो होगें ही यहां वेदी प्रतिष्ठा के बाद जिन प्रतिमाएं भी आत्मिक आनंद की अनुभूति प्रदान करेगीं। श्री पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर अशोकनगर शहर में व्यापक उत्साह है शहर के श्रद्धालुओं के साथ बाहर से भी श्रद्धालुओं के आवागमन की शुरूआत हो चली है। यह उत्सव महामहोत्सव के रूप में जाना जाएगा। इस महामहोत्सव की शुरूआत 09 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक होगी। मंगलवार को घट यात्रा के साथ इस पर्व की शुरूआत हो रही है। 15 दिसम्बर को भगवान के पांच कल्याणक होने के बाद मोक्ष की प्राप्ति के पश्चात गजरथ का आयोजन होगा।

### यह भी होंगे पंच कल्याणक प्रतिष्ठा में पात्र



इस पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में जो पात्र बनाए गए हैं उन पात्रों में प्रमुख पात्रो के अलावा बाहुवली की भूमिका टिंकल जैन के द्वारा की जाएगी और भरत की भूमिका में संजीव श्रंगार होगें। राजा श्रयांश की भूमिका में शालू भारत और राजा सोम की भूमिका में रिंकू भारत होगें। ईशान इन्द्र, सुचित कांसल, और सनत इन्द्र के रूप में प्रकाशचन्द्र होगें। यह सभी पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पात्र हैं।

इस आयोजन में कार्यक्रम स्थल के चारों ओर एक फेरी का पथ निर्मित किया गया है। यहां परिक्रमा के साथ इस पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन होगा।

**गांव जैन मंदिर शहर का सबसे प्राचीन मंदिरः** जिन मंदिरों का इतिहास बदल रहा है उनमें सबसे प्राचीन मंदिर पुराना गांव जैन मंदिर है इस मंदिर में एक प्रतिमा ऐसी भी है जिसकी प्रतिष्ठा 400 वर्ष पहले हुई थी। जिससे अंदाजा लगाया जाता है कि यह मंदिर उस समय का है जब अशोकनगर शहर का नाम पछार हुआ करता था तब अशोकनगर में एक ही जैन मंदिर था। पछार नाम का जिक्र पुराने अभिलेखों में मिलता है कि यह पछार गांव सैकड़ों वर्ष पुराना है। इस मंन्दिर का निर्माण नए सिरे से किया जा रहा है। इस मंन्दिर के मूल नायक भगवान आदिनाथ स्वामी है यह मंदिर अब पूरी तरह नये स्वरूप में आ गया है। इसी प्रकार सुभाषगंज जैन मंदिर जो 80 वर्ष पुराना था उसे भी नया रूप दिया जा रहा है पूरा मंन्दिर जमीनी स्तर से नए रूप में बनाया जा रहा है। श्री शांतिनाथ त्रिकाल चैबीसी जैन मंदिर में भी नए सिरे से काम चल रहा है और प्रतिमाएं नई आने के साथ वेदियों को निर्माण भी नए सिरे से किया जा रहा है।

आयोजन में ध्वजारोहण करने का सौभाग्य जिन्हे मिला है वह शहर का प्रमुख समाजसेवी और धार्मिक परिवार है जिन्हें विनोद मेडीकल के रूप में जाना जाता है उनके द्वारा ध्वजा रोहण किया जाएगा। उनके द्वारा गांव जैन मंदिर में एक वेदी चांदी से निर्मित कराई गई है इस वेदी पर मुनि सुव्रतनाथ भगवान की प्रतिमा प्रतिष्ठित की जाएगी।

मुनिश्री ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अपने आपको महान मानना है और महान होने में बहुत अंतर है हंसते हुए लोग सुखी हो गारंटी नहीं है। रोते हुए हुए लोग दुखी हो ऐसा जरूरी नहीं है। सारे संसार ने रावण को हंसते हुए देखा और रामचन्द्र जी को रोते हुए देखा गया क्यों श्री राम दुखी होने के बाद दुखी थे आज दुनिया श्री राम को किस तरह से अपने आदर्श के रूप में पूज रही है। हमारी शान्ति इतनी सस्ती हो गई एक बुर्स में टूट गई बस इतनी सी कीमत है रह गई शान्ति की कीमत नहीं नहीं हमें अपनी को इतनी आसानी से जाने नहीं देना है बहुत दुर्लभ है ये जीवन कोई बात नहीं नहीं मिला बेड पर चाय का प्याला नहीं मिला बुरूस तो घर वाला को मार देते है।

## परिजनों ने सड़क पर रखा शव

# ट्रैक्टर से गिरे मजदूर की पहिए के नीचे आने से हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बहादुरपुर कस्बे में रविवार दोपहर तब हंगामे की स्थिति बन गई जब एक दुर्घटना में मृत हुए व्यक्ति का शव उसके परिजन नेशनल हाईवे पर रखकर बैठ गए। परिजनों की मांग की थी पुलिस द्वारा बड़ी धाराओं में प्रकरण दर्ज किया जाए और पंद्रह लाख का मुआवजा दिया जाए।

हालांकि, इससे पहले ही पुलिस लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से मृत्यु होने और साक्ष्य छुपाने के आरोप में तीन आरोपियों पर प्रकरण दर्ज कर चुकी थी और तत्काल मुआवजा पुलिस के वश में नहीं था। इसलिए जैसे ही परिजनों ने मृतक का शव सड़क पर रखा तो मौके पर थाना प्रभारी अरविंद कछुवाह पहुंच गए, जिन्होंने समझा बुझा कर परिजनों को उठा दिया और शव सहित गांव के लिए रवाना कर दिया। जिससे मामला नियंत्रण में आ गया।

दरअसल, शनिवार रात पुलिस को सूचना मिली कि हारूखेड़ी गांव में एक व्यक्ति खून से लथपथ सड़क के किनारे अचेतावस्था में पड़ा हुआ है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ग्रामीणों ने जानकारी ली तो मालूम हुआ कि मृतक हरदास पुत्र गोरेलाल अहिरवार उम्र 45 वर्ष निवासी हारूखेड़ी है। इसके बाद मृतक के परिजनों को मौके पर ले जाकर शिनाख्त कराई गई। चूंकि शनिवार को देर रात हो चुकी थी, इसलिए शव को बहादुरपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पोस्टमार्टम कक्ष में रख दिया गया। सुबह चिकित्सकों द्वारा शव का पोस्टमार्टम किया गया। इधर मौके पर पहुंचकर एसडीओपी सनम बी खान और थाना प्रभारी ने जांच पड़ताल की। पुलिस को ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला कि मृतक हरदास शनिवार सुबह गांव के ही अन्य तीन लोगों के साथ ट्रैक्टर ट्रॉली से छत बनाने की सेंटिंग डालने के लिए पिपरई क्षेत्र के आकेत गांव मजदूरी से गया हुआ था। ट्रैक्टर गांव के ही आशाराम अहिरवार का था। पुलिस ने जब आशाराम से सख्ती से पूछताछ की तो घटना सामने आ गई।

### मडगार्ड पर बैठा था युवक, उछलकर नीचे गिरा

मृतक हरदास ट्रैक्टर चालक आशाराम अहिरवार और दो अन्य मजदूर अनिल अहिरवार और बंटी अहिरवार के साथ वापिस लौट रहा था। रास्ते में सभी ने शराब पार्टी की। जब ट्रैक्टर गांव आ गया तो गांव के अंदरूनी रास्ते में ही गड्ढा आने से मडगार्ड पर बैठा हरदास उछलकर नीचे आ गिरा, जिस पर ट्रैक्टर का पिछला पहिया चढ़ गया। उसके साथियों ने उतरकर देखा तो हरदास की स्थिति नाजुक थी। वह उसके परिजनों को सूचना देने के बजाय मौके से भाग निकले और ट्रैक्टर भी छुपा दिया। इस कारण पुलिस द्वारा भारतीय न्याय संहिता की धारा 106(1) और 238 में प्रकरण दर्ज किया है।

## दयोदय पशुशाला में गायों को औषिधी युक्त लडडू खिलाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

ऋषभदेव कृपा वर्धमान सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष औषधि लड्डु मिष्ठान बनवाए जाते हैं इस वर्ष भी मिष्ठान लड्डु वितरण के कार्यक्रम का प्रथम पर्व दयोदय पशु सेवा केंद्र गौशाला ईसागढ़ रोड में मनाया गया।

जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे साथ ही साथ विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष एवं गौशाला के अध्यक्ष दिनेश महिदपुर, अनीता जैन, डॉक्टर अनामिका जैन, रोशनी जैन,एवं महिला मंडल की अनेक सदस्याएं उपस्थिति रहीं। ऋषभदेव कृपा वर्तमान सेवा समिति की अध्यक्ष कृष्णा जैन द्वारा इस कार्यक्रम की शुरुआत हुई। महोत्सव में उपस्थित महोत्सव संचालक प्रतिष्ठाचार्य राजकिंग ने आचार्य श्री के द्वारा गोवंश की रक्षा एवं हितार्थ अनेक वर्षों में किये। अनेक उपकारों का यश गान गाया। जीव मात्र की रक्षा में असीम पुण्य एकत्रित होता है। ऐसा संभाषण करते हुए उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को प्रेरित किया नगर पालिका अध्यक्ष ने 100 किलो लड्डु एवं गौशाला अध्यक्ष ने 50 किलो लड्डु आदि के लिए अपना सद्भाव अर्पित किया। कार्यक्रम में उपस्थित अनेक गणमान्य सदस्यों ने इस भाव की करतल ध्वनि से अनुमोदन की। जिसमें उपस्थित रहे वीरेंद्र बमोरी शाला ,धर्मेंद्र जैन, रिंकू जैन, प्रसून जैन,राजीव जैन ओशो, भोलू रघुवंशी, पुलिस विभाग से हरी निवास आदि रहे मौजूद।



## युवक की मौत पर परिजनों ने अस्पताल चौराहे पर हंगामा किया

**अशोकनगर।** मढी तूमैन निवासी 32 वर्षीय तिलकराज अहिरवार की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद मृतक के परिजनों ने अस्पताल चैराहे पर हंगामा किया और चक्का जाम कर विरोध जताया। देहात थाने के अंतर्गत ग्राम मोहरी की है इस घटना में 32 वर्षीय तिलकराज अहिरवार की शनिवार देर रात मौत हो गई। मृतक मढ़ी तूमैन गांव का रहने वाला था। इस घटना के बाद रविवार की सुबह जब मृतक का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में किया जा रहा था उसके बाद अस्पताल चैराहे पर मृतक के परिजनों ने हंगामा किया और चक्का जाम कर विरोध जताया। इस घटना को लेकर परिजनों का आरोप था कि तिलकराज के साथ रास्ता रोककर मारपीट की गई है जिसके कारण उसकी मौत हो गई है। उनकी मांग थी कि जिनके द्वारा तिलकराज से मारपीट की गई थी उन पर हत्या का मामला दर्ज किया जाए। घटना के बारे में परिवार का कहना था कि शनिवार को गांव के कुछ लोगों से उसका विवाद हो गया था। जिसमें तिलकराज के पिता पप्पू अरिहवार को चोटें आई थीं। जिसके बाद तिलकराज और उसका भाई सुन्दर अपने पिता को उपचार के लिए जिला अस्पताल ला रहा था। जब वह मढ़ी तूमैन गांव से मोहरी पठार पहुंचे तभी 3 लोगों ने उन्हें घेर लिया और उनके साथ मारपीट की गई। इस घटना में उनके पिता को भी चोटे आई हैं उन्हें उपचार के लिए भोपाल रैफर किया गया है। इस घटना में तिलकराज की मौत हो गई। परिजनों के विरोध के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटना को लेकर जांच की जा रही है कि यह हत्या है या फिर सड़क दुर्घटना का मामला है, फिलहाल पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है। 07 दिसम्बर फोटो न.02 युवक की मौत पर विरोध जताते हुए।

# कार ने बाइक को पीछे से टक्कर मारी पिता की मौत, बेटा व एक अन्य घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर






जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर शाढ़ोरा थाने के अंतर्गत अशोकनगर गुना सड़क मार्ग पर रेलवे फाटक के समीप एक कार और बाईक में हुई भिड़त के बाद बाईक पर सवार 3 में से एक की मौत हो गई दो घायल हैं। मृतक पिता है जबकि घायल उसका पुत्र और एक अन्य व्यक्ति है। घटना की कहानी यह है कि रविवार दोपहर 2 बजे शाढ़ौरा रेलवे फाटक के नजदीक शिवपुरी जिले के बूढ़ा डोगर निवासी मथरी आदिवासी अपने बेटे धनीराम के साथ अशोकनगर से अपना इलाज कराकर अपने गांव वापस अपनी मोटर साइकिल नम्बर एमपी 33 एमडब्ल्यू 0113 से जा रहा था इसी बाईक के पीछे एक कार जिसका नम्बर एमपी 67 सी 4596 अशोकनगर की ओर से आ रही थी। इस कार ने बाईक में पीछे से टक्कर मार दी इस घटना में दो बाईक आगे पीछे चल रहीं थीं कार की टक्कर से बाईक आगे वाली बाईक में जा टकराई जिससे बाईक सवार पिता मथरी आदिवासी उम्र 50 साल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस घटना में उनके पुत्र और एक अन्य को भी चोटे आईं हैं। जबकि इसी बाईक के आगे जा रही बाईक जिसका नम्बर एपी 67 एमडी 2234 पर सवार बृजेन्द्र सिंह यादव और अंकेश यादव भी घायल हो गए। जिनका उपचार शाढ़ौरा के स्वास्थ्य केन्द्र पर चल रहा है। इस घटना में मथरी आदिवासी की मौत के बाद उनके पुत्र को भी गंभीर चोटे आई हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची वाहन चालक के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। ज्ञात हो कि मथरी आदिवासी जिला अस्पताल में उपचार कराने के लिए आया था लेकिन ऊपर वाले को कुछ और मंजूर था। अस्पताल से इलाज होने के बाद स्वस्थ्य होकर घर लौट रहा था लेकिन होनहार ऐसी थी कि सड़क दुर्घटना ने उसकी जान ले ली।


## जिले के 6 निकायों में अब जनता से चुने अध्यक्ष होंगे

# जनता के द्वारा निकायों में चुनी जाएगी सीधी सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर







नगरीय निकायों में अब चुनाव अध्यक्ष पद के लिए सीधे जनता के द्वारा डाले गए मतो से किए जाएगें। अब नगरीय निकायों में जनता के द्वारा चुनी गई सरकार होगी। इस नए परिवर्तन से जिले में 4 नगरीय संस्थाओं में जनता को सीधे अपने मन पसंद प्रतिनिधि को सीधे अध्यक्ष के रूप में चुनने का मौका मिलेगा।

नगर पालिकाओं और नगरपरिषदों में शुरूआती तौर से ही पार्षदों के द्वारा अध्यक्ष चुने जाने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी लेकिन 1999 में तत्कालीन मध्यप्रदेश की कांग्रेस सरकार नें इसमें परिवर्तन करते हुए सीधे जनता के द्वारा शहर की सरकार चुने जाने का निर्णय लिया था। यह निर्णय लगातार जारी रहा लेकिन पिछले नगरपालिका चुनाव में प्रदेश की भाजपा सरकार ने इसमें परिवर्तन करते हुए पार्षदों के द्वारा अध्यक्ष चुने जाने की प्रक्रिया जो पहले से चली आ रही थी उसको लागू कर दिया था। यह शिवराज सरकार का निर्णय था लेकिन वर्तमान में मध्यप्रदेश के भाजपा सरकार के मुखिया डॉ. मोहन सिंह यादव ने इसे पलट दिया है और नगरीय निकायों में सीधे जनता के द्वारा अध्यक्ष चुने जाने की प्रक्रिया को फिर से लागू किया है। अब आगामी नगरीय निकाय चुनावों में जनता के द्वारा ही सीधे अध्यक्ष को चुना जाएगा।

अशोकनगर नगरपालिका की बात करें तो 28/12/1999 को पहली बार जनता के द्वारा चुनी गई सरकार के रूप में नगरपालिका अध्यक्ष के पद पर जनता ने जजपाल सिंह को चुना था। वह 15वें नगरीय निकाय के अध्यक्ष बने थे 16वे अध्यक्ष के रूप में महिला सीट पर पहली नगरपालिका अध्यक्ष कान्ता चैधरी चुनी गईं थीं। जिसके बाद 2009 से 2014 के बीच जजपाल सिंह दूसरी बार नगरपालिका अध्यक्ष चुने गए थे। 2014 से 2019 तक तीसरी नगरपालिका अध्यक्ष जनता के द्वारा सुशीला साहू चुनी गई थीं। जनता के द्वारा 3 सीधे नगरपालिका अध्यक्ष चुने गए थे। उसके बाद चुनावी प्रक्रिया में संसोधन हुआ और पार्षदों के द्वारा अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया लागू होने के बाद 19वे नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया बने। अब अगला चुनाव जनता के द्वारा चुने गए अध्यक्ष के रूप में होगा।

जिले में अशोकनगर मुख्यालय के साथ 5 अन्य नगरीय संस्थाओं में भी इसी तरह के चुनाव होगें और वहां भी जनता के द्वारा सरकार चुनी जाएगी जिसमें मुंगावली, चन्देरी, ईसागढ, पिपरई और शाढ़ौरा की नगरीय संस्थाएं होगीं हालाकि शाढ़ौरा में नगर परिषद का गठन होने के बाद एक बार ही जनता की सरकार चुनी गई है। इसी तरह पिपरई में पिछली बार ही नगरपरिषद के चुनाव हुए थे यहां अगले चुनाव में जनता की सरकार के लिए सीधे मतदाताओं को अध्यक्ष चुनने का मौका मिलेगा।




### वुशु में छात्र लक्ष्य सुमन का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन

**अशोकनगर।** अशोकनगर में आयोजित जिला स्तरीय वूशु प्रतियोगिता में टीएव्ही स्कूल के होनहार छात्र लक्ष्य सुमन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना चयन राष्ट्रीय चयन प्रतियोगिता के लिए कराया है। बता दें कि लक्ष्य की हमेशा से वूशु खेल में रुचि रही है जिसमें वह आगे बढ़ता रहा है उसने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने कोच खेल प्रशिक्षक जावेद खान को विशेष रूप से दिया है वहीं लक्ष्य की इस उपलब्धि पर स्कूल के अध्यक्ष डॉ प्रमोद जैन, जिला वूशु कोच बृजेश धुर्रटे, स्कूल सीईओ पुनीत जैन प्राचार्य डॉ धमप्रिया सहित खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 210 विद्यार्थीयों को मेडल व 90 को शील्ड प्रदान की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शहर में गिविंग एंड शेयरिंग ट्रस्ट जीएसटी द्वारा आयोजित वार्षिक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का भव्य समापन रविवार को विवेकानंद स्कूल में किया गया। लगातार चैथे वर्ष आयोजित इस प्रतियोगिता में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस वर्ष कुल 750 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 210 विद्यार्थियों को मेडल एवं 90 विद्यार्थियों को शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम में वर्गवार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

### कक्षा 9 से 12 वर्ग परिणाम

प्रथम अनुश्री सोनी मुस्कान पब्लिक स्कूल,द्वितीय खुशी शर्मा, तारा सदन स्कूल,तृतीय आयुष जाट इन विद्यार्थियों को क्रमशः 5000, 3000 और 2000 नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रथम रहीं अनुश्री को रंजीत यादव की तरफ से 2100 तुरन्त दिए गए। इसके अतिरिक्त चैथे स्थान पर रही आराध्या सोनी मुस्कान पब्लिक स्कूल को 1000 पुरस्कार दिया गया।

### कक्षा 5 एवं 6 वर्ग परिणाम

प्रथम अंशुमन यादव, तारा सदन स्कूल,द्वितीय शिवा शर्मा, शिवपुरी पब्लिक स्कूल,तृतीय प्रखर शर्मा, तारा सदन स्कूल



### कक्षा 7 एवं 8 वर्ग परिणाम

प्रथम धीर कोठारी, तारा सदन स्कूल,द्वितीय कृष्णा साहू, मुस्कान पब्लिक स्कूल,तृतीय शिवांश शर्मा, सिटी पब्लिक स्कूल। इन दोनों वर्गों (5-6 एवं 7-8) में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को क्रमशः 1500, 1000 एवं 500 नगद राशि के साथ ट्रॉफी वितरित की गई।

### मुख्य अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष ने सम्मानित किया

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नीरज मनोरिया (नगरपालिका अध्यक्ष), शुभम अग्निहोत्री एवं रामवीर सिंह रघुवंशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के स्पॉन्सर रहे जीएसटी ग्रुप, विपिन शिवहरे, रितेश जैन, आरिफ़ खान, बलराम नायक, सौरभ रघुवंशी, प्रिया बुक स्टोर, रिंकल सेठ, गौरव जैन, मनोज बक्शी, वाइब्रेंट वैली स्कूल, एपीएस अकादमी एवं विज्ञानम् कोचिंग, होटल आज़ाद पैलेस तथा डी. के. इंटरप्राइजेज। कार्यक्रम के दौरान जीएसटी ग्रुप द्वारा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से प्रतिभाशाली बालिकाओं मुस्कान रघुवंशी, भूरक्षा दुबे एवं शिविका जैन का सम्मान किया गया। साथ ही समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य और भविष्य की योजना समापन अवसर पर अतिथियों ने जीएसटी द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में ज्ञान, प्रतियोगी भावना एवं आत्मविश्वास को बढ़ावा देती हैं। कार्यक्रम के अंत में जीएसटी ग्रुप ने आगामी वर्ष में इस आयोजन को और बड़े स्तर पर करने की घोषणा की।

### छोटी पुलिया के पिलरों में तरांपे न लगाने से बहकर निकल रहा पानी

# अजनार जैसे गंदे और सूखे स्वरूप में पहुंचने लगी जीवनदायिनी नेवज



**इनका कहना है...**

अगले एक-दो दिन में ही हम नेवज की छोटी पुलिया के पिलरों के बीच तरांपे लगवाना चालू करवा देंगे ताकि पानी का बहाव रुक जाए। इसके साथ ही विसर्जन कुंड की सफाई भी करवा दी जाएगी।

**जीतेंद्र विजयवर्गीय, सब-इंजीनियर, जल शाखा, नपा राजगढ़**



विसर्जन कुंड की हालत भी बदहाल, उठ रही दुर्गंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ नगर की जीवनदायिनी नेवज नदी भी अब प्रशासनिक अनदेखी के चलते ब्यावरा की अजनार के मानिंद होती जा रही है। आलम यह है कि अक्टूबर, नवंबर महीने में नेवज नदी पूरी तरह भरी हुई एवं कल-कल बहती रहती थी लेकिन वर्तमान स्थिति में नदी उथली होकर कहीं-कहीं तो पटपड़े तक नजर आना शुरू हो चुके हैं। नेवज नदी की छोटी पुलिया के गेटों/पिलर में नगर पालिका द्वारा हर साल अक्टूबर के अंत में तरांपे लगवा दिए जाते थे ताकि पानी बहकर आगे न जाए लेकिन इस साल अभी तक गेटों में तरांपे नहीं लगवाए गए हैं। यही कारण है कि नदी का पूरा पानी बहकर आगे जा रहा है और नेवज धीरे-धीरे सूखती जा रही है।

### जैकवेल के समीप भी हो रही पानी की कमी

नगर पालिका का सबसे पुराना जैकवेल भी छारबाग के यहां लगा हुआ है। इसी जैकवेल से नदी का पानी खींचकर फिल्टेशन प्रक्रिया उपरान्त घरों में सप्लाई किया जाता है। लेकिन, जैकवेल के समीप भी धीरे-धीरे नदी का जल-स्तर अब कम होता जा रहा है। यदि स्थिति यही रही तो आने वाले दिनों में नगर में जल संकट पैदा होने की संभावनाओं से भी इन्कार नहीं किया जा सकता।

### गंदगी से लबरेज होकर बदबू मार रहा विसर्जन कुंड

नेवज नदी की छोटी पुलिया के समीप ही स्थित विसर्जन कुंड की पूरी तरह से सफाई न करवाए जाने से उसकी हालत भी बद से बदतर होती जा रही है। विसर्जन कुंड में पड़ी गंदगी, कचरा आदि से निकलने वाली दुर्गंध से आसपास से निकलने वाले लोगों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका के जिम्मेदारों से मांग की है कि विसर्जन कुंड की प्रॉपर तरीके से सफाई करवा दी जाए।

### नदी में ही धोए जा रहे कपड़े और वाहन

नगर पालिका ने नेवज नदी में कपड़े एवं वाहन आदि धोने के संबंध में पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके बावजूद ग्रामीणों सहित अन्य द्वारा प्रतिदिन सर्फ, साबुन इत्यादि से नदी में ही कपड़े आदि धोते देखा जा रहा है। इसके साथ ही कई बार अनेकों वाहन मालिक भी नदी के बीच अपना वाहन खड़ा कर उसे धोते नजर आ रहे हैं।

---

### पूरी तरह पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई चुनाव प्रक्रिया

# निकटतम प्रतिद्वंदी को 8 वोट से हराकर राजगढ़ सदर बने अनवर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

दफ्तर अंजुमन इस्लाम कमेटी राजगढ़ द्वारा रविवार को पूरी तरह लोकतांत्रिक तरीके से राजगढ़ शहर सदर का चुनाव संपन्न करवाया गया। शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से हुए चुनाव में अनवर खान उर्फ मोनु निवासी पुरा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 8 वोटों से हराकर चुनाव जीत लिया। स्थानीय पुरा क्षेत्र स्थित जामा मस्जिद में रविवार हुए चुनाव के लिए बाकायदा एक 12 सदस्यीय चुनाव कमेटी बनाई गई थी जिन्होंने संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाई। चुनाव अधिकारी शहर काजी सैयद नाजिम अली एवं सहायक चुनाव अधिकारी मोहम्मद असलम ने बताया कि सदर बनने कुल पांच प्रत्याशी मैदान में थे। राजगढ़ की 13 मस्जिदों के 248 सदस्यों ने अपने चुनिंदा प्रत्याशी को वोट डाले। इनमें अनवर खान उर्फ मोनू ने 92 वोट प्राप्त कर निकटतम प्रतिद्वंदी अनवर उर्फ राजा को 8 मतों से पराजित कर दिया।

### तीन साल के लिए बनाए गए हैं सदर

चुनाव कमेटी के प्रभारियों ने बताया कि सदर का चुनाव तीन साल में एक बार होता है। निवार्चित हुए सदर अनवर अपनी कार्यकारिणी बनाएंगे। मतगणना उपरान्त आधिकारिक रूप से विजय घोषित होने पर सदर अनवर ने उपस्थितों का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि वे यह जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाएंगे एवं सभी के सहयोग से कौम के लिए बेहतर से बेहतर काम उनके द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही इमामों की तनख्वाह बढ़ाने को लेकर भी उन्होंने अपनी बात रखी।

**किस प्रत्याशी को कितने मत मिले**

| प्रत्याशी का नाम | प्राप्त मत |
|---|---|
| अनवर खान उर्फ मोनू | 92 |
| अनवर उर्फ राजा | 84 |
| आबिद हसन | 51 |
| रशीद शेख | 16 |
| अरशद अख्तर | 04 |
| निरस्त | 01 |

# राज्य शिक्षक संघ ने ज्ञापन सौंपा

**जीरापुर।** राज्य शिक्षक संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। जिसमें राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षक संवर्ग की समस्याओं का निराकरण करने की मांग रखी गई। ज्ञापन में उल्लेख किया कि राज्य शिक्षा सेवा में अध्यापक संवर्ग की नियुक्ति 1 जुलाई 2018 से की गई लेकिन नियुक्ति दिन के बाद से आज दिनांक तक अध्यापक संवर्ग से नियुक्त शिक्षकों की वरिष्ठता तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बरकरार है ऐसे में नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता नहीं मिलने से अनेक लाभों से वंचित होना पड़ रहा है। अतः अध्यापक संवर्ग को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ दिया जाए। जबकि शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय जाकर अपने कार्य का निर्माण करते हैं जिसके परिणाम प्रदेश की प्रावीण्य सूची में शासकीय विद्यालयों के बच्चे अपना स्थान बना रहे हैं इसलिए नियमित उपस्थिति के लिए अव्यवहारिक ई. अटेंडेंस व्यवस्था को भी बंद किया जाए। जहां पर राजेश गुप्ता ब्लाक अध्यक्ष ईश्वरसिंह परमार ,रामबाबू वर्मा ,भगवान गुजराती,श्याम वर्मा, रमेश पवार, गिरिराज शर्मा, कमल राठौर, रामबाबू कुम्भकार, लीला शर्मा सहित अनेकों शिक्षक शिक्षिकाओं ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

---

# गादिया स्कूल के पास जुआ अड्डे पर पुलिस की दबिश, 9 जुआरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

जिले में जुआ, सट्टा व अन्य अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देश पर नरसिंहगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया। मध्यरात्रि को ग्राम किशोरपुरा स्थित गादिया स्कूल के पास गोविंद कुशवाहा की टपरी में चल रहे जुए पर दबिश देते हुए पुलिस ने 9 जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ा। कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे एवं एसडीओपी मिनी शुक्ला के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में की गई। मौके से 8210 रुपये नगद, 2 मोटरसाइकिल, 6 एंड्रॉयड मोबाइल फोन सहित 183210 रुपये का मशरूका बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गिरफ्तार आरोपी

गरु लोहपीटा (संजय नगर), विष्णु सोधिया (कुंडीखेड़ा), भोला कुशवाहा (गादिया), सीताराम जोशी (किशोरपुरा), मोहन (नरसिंहगढ़), आनंद कुशवाहा (शंकरपुरा), अनिकेत वर्मा (चारपुरा), अजय वर्मा (बलबटपुरा) तथा गोविंद कुशवाहा (किशोरपुरा) शामिल हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी के साथ प्रधान आरक्षक सूरज चांवरिया, आरक्षक धर्मेंद्र रघुवंशी, सुनील मीणा, जगन यादव, राघवेंद्र शर्मा और रजनीश मीणा शामिल रहे।

# कुएं में डूबने से बालिका की मौत



**जीरापुर।** सुसनेर-जीरापुर मुख्य सड़क मार्ग के समीप स्थित ग्राम गोवर्धनपुरा में मंगलवार को एक हादसा घटित हो गया। गांव की 15 वर्षीय बालिका मुस्कान वर्मा, पिता बजरंगलाल वर्मा, अचानक कुएं में गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने डायल 112 पर कॉल कर बचाव दल को बुलाया। आरक्षक राजेंद्र शर्मा एवं पायलट मोहन मेवाड़े मौके पर पहुंचे और बालिका को 108 एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### स्वामी विवेकानंद स्कूल में पंचतत्व थीम पर आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव

# सालाना जलसे में नजर आया संस्कृति संस्कार और भक्ति का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



नगर के स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में शनिवार रात्रि 'पंचतत्व' थीम पर सालाना वार्षिकोत्सव का भव्यतम आयोजन किया गया। सैकड़ों अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हुए इस जलसे में स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा दी गई एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। दीप-प्रज्वलन करते हुए कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसके उपरान्त स्कूल के मेघावी छात्र-छात्राएं पुरस्कृत किया गया। शाला प्राचार्य प्राचार्य अमित साहा ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की उपलब्धियां बताते हुए स्कूल से अध्ययन उपरान्त अब जीवन में महत्वपूर्ण मुकाम हासिल कर चुके विद्यार्थियों का जिक्र किया। भव्यतम आयोजन में संगीत, सामुहिक नृत्य, नाटक व अन्य प्रस्तुतियों में देश की सांस्कृतिक विविधता, पौराणिक व गौरवशाली इतिहास, देश भक्ति, पर्यावरण जागरूकता, भक्ति और भारतीय संस्कृति, संस्कारों की झलक देखने मिले। विभिन्न प्रस्तुतियों में भारतीय दर्शन में बताए पंचतत्वों के विविध पहलुओं को बच्चों ने प्रस्तुत किया।

### गौमाता के छप्पन भोग व संकीर्तन यात्रा का हुआ आयोजन




**राजगढ़।** बड़ा सत्यनारायण मंदिर उत्सव समिति एवं नवयुवक गौसेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को गौमाता के छप्पन भोग एवं संकीर्तन यात्रा का आयोजन किया गया। भक्ति के साथ ही गौपालन के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्धेश्य से यह यात्रा निकाली गई। रविवार दोपहर सत्यनारायण भगवान मंदिर से आरंभ हुई संकीर्तन यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बमबम आश्रम गौशाला पहुंची। यात्रा में बड़ी संख्या में नगर के कई श्रृद्धालु भक्तगण शामिल हुए। इसके साथ ही गौमाता के लिए छप्पन भोग का आयोजन भी श्रृद्धा और उत्साह के साथ किया गया जिसमें कई श्रृद्धालुओं ने सहयोग प्रदान किया। आयोजन समिति सदस्यों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में गौ-संरक्षण, सेवा और भारतीय परंपराओं को जीवंत रखने का सशक्त माध्यम हैं।

---

### कलकत्ता की सुप्रसिद्ध भजन गायक श्वेता कौशिक देंगी भजनों की प्रस्तुति

# 9 दिसंबर को होगा खाटू धाम पर 13 वां वार्षिक महोत्सव का आयोजन



**खुजनेर।** खुजनेर में मालवा के खाटू धाम के नाम से जाने वाले खाटू धाम पर 9 दिसंबर के दिन बाबा श्याम की स्थापना की गई थी। मंगलवार को 13 वां वार्षिक महोत्सव का आयोजन होगा। जिसमें बाबा श्याम को छप्पन भोग व अलौकिक दरबार सजाया जाएगा। जिसमें कलकत्ता के सुप्रसिद्ध गायक श्वेता कौशिक देवराज सेन ओमप्रकाश शर्मा खुजनेर धाम द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं मंदिर समिति ने बताया कि 9 दिसंबर 2012 में बाबा खाटू श्याम यह विराजित हुए थे। खुजनेर धाम मालवा के खाटू धाम के नाम से पूरे मध्यप्रदेश में प्रसिद्ध है यह मनोकामनाएं पूर्ण के लिए नारियल बांधे जाते हैं आने वाले भक्तजनों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है हर एकादशी पर मेला स्वरूप दृश्य रहता है दूर दूर से भक्तजन पैदल निशान लेकर पहुंचते हैं हर दिन मंदिर समय अनुसार खुलता हे बड़ी संख्या में भक्तजन दर्शन को पहुंचते हैं मंदिर प्रांगण में भक्तों के लिए सेवा हेतु विश्राम हाल भोजन शाला सुलभ कॉम्लेक्स का निर्माण कार्य भी जारी है।

# पीएम श्री गागोरनी में बैगलैस दिवस मनाया



**जीरापुर।** पीएमश्री विद्यालय में छात्र-छात्राओं ने शिक्षक अंतिम पुष्पद, अनिल पुष्पद के मार्गदर्शन में मांडना कला का प्रदर्शन किया। तथा खेल प्रतियोगिताओं में रस्सा खींच, लघु रिले दौड़ और कुर्सी दौड़ का भी आयोजन हुआ। स्टाफ विजय सिंह चौधरी, अजय गुप्ता ओम गुप्ता, ईश्वर सिंह तोमर, नितेश शर्मा, कमल, सुनीता, रंजना के सहयोग से मेंहदी और सुंदर चोटी प्रतियोगिताएं भी संपन्न हुई। अंत में विज्ञान शिक्षक भगवान सिंह मालवीय ने रोचक तरीके से जादू नही विज्ञान है कार्यक्रम के द्वारा सभी को अंधविश्वास से बचने की सलाह दी। बैगलैस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य रमेश चंद्र दांगी और प्रधानाध्यापक रामचंद्र मालवीय ने किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी।

# मलावर में डॉ अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर संविधान बचाने की शपथ ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

मलावर नगर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गादिया द्वारा मलावर एव आगर मंडल की संयुक्त बैठक का आयोजन शनिवार शाम को मुख्य बाजार में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रभारी सचिन गिरी, ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल बना शामिल हुए। बैठक का मुख्य उपदेश घर-घर और हर चौपाल पर संविधान के महत्व की जानकारी पहुंचना उद्देश्य था। इसमे अभियान को जन-जन तक ले जाने के लिए रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक के प्रारंभ में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्य तिथि मनाई गई। बैठक में मंडलम अध्यक्ष मोहन यादव आगर मंडलम अध्यक्ष राजकुमार जाट, सरपंच रोड़सिंह ठाकुर, जनपद सदस्य विष्णु गुर्जर, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश दांगी, केपी बना, मोहन जाट, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस पूर्व जिला अध्यक्ष चंदरसिंह गुर्जर, एनएसयूआहेमराज मेहर आदि बड़ी संख्या में आमजन और कार्यकर्ता शामिल हुए हैं।

---

# शौर्य दिवस पर विहिप-बजरंग दल ने आरती का आयोजन किया



**सारंगपुर।** शौर्य दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल नगर सारंगपुर के संयुक्त तत्वावधान में संकट मोचन हनुमान मंदिर में भारत माता एवं भगवान श्रीराम की आरती का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने सहभागिता कर वातावरण को भक्तिमय एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत बना दिया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम भगवान श्रीराम की आरती की गई, जिसके बाद भारत माता की आरती सम्पन्न हुई। आरती के समय जयकारों और भजनों से मंदिर परिसर गूंज उठा, जिससे श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था का संचार हुआ। भारत माता की आरती के माध्यम से राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों ने शौर्य दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए राम मंदिर आंदोलन के दौरान दिए गए बलिदानों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

वक्ताओं ने कहा कि शौर्य दिवस हमें हमारे गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और त्यागदृबलिदान की याद दिलाता है। यह दिन समाज को अपने धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति सजग रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर उनके संरक्षण के लिए एकजुट होकर खड़े होने की प्रेरणा देता है।

### नदी और नालों से रेत माफिया बोट डालकर कर रहे रेत का अवैध उत्खनन

# सारंगपुर में धड़ल्ले से रेत का खनन और खरीद-फरोख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

### नियमों को ताक पर रख रहे माफिया

नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों रेत का अवैध कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। कालीसिंध नदी क्षेत्र सहित आसपास के गांवों के नालों से रेत माफिया बोट डालकर अवैध उत्खनन कर रहे हैं और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से शहर में धड़ल्ले से रेत की खरीद-फरोख्त की जा रही है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा खेल प्रशासन और खनिज विभाग की नाक के नीचे चल रहा है, लेकिन अब तक किसी ठोस और प्रभावी कार्रवाई के संकेत नहीं मिल सके हैं। सूत्रों के अनुसार, अवैध रेत का यह नेटवर्क सुबह से लेकर देर रात तक सक्रिय रहता है। दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगातार चक्कर लगाकर रेत को सारंगपुर शहर तक पहुंचा रही हैं, जहां खुलेआम इसका विक्रय किया जा रहा है। सस्ती रेत मिलने से कुछ लोग अवश्य लाभ उठा रहे हैं, लेकिन इसके दुष्परिणाम सरकार को भारी राजस्व हानि और आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के खतरे के रूप में भुगतने पड़ रहे हैं।

शहर के विभिन्न स्थानों पर बिना अनुमति रेत उतारी जा रही है। ट्रैक्टर चालकों का कहना है कि वे रेत माफियाओं के निर्देश पर ही परिवहन करते हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पूरा अवैध कारोबार सुनियोजित और संगठित तरीके से संचालित हो रहा है।

### सूचना तंत्र की कमजोरी पर सवाल

कागजों में हर गांव-पंचायत और क्षेत्र में मैदानी अमला तैनात है, लेकिन अवैध उत्खनन और परिवहन की सूचनाएं या तो संबंधित विभागों तक पहुंच ही नहीं पा रही हैं या जानबूझकर अनदेखी की जा रही है। कभी-कभार औपचारिक कार्रवाई होती भी है तो तब तक रेत माफिया मौके से फरार हो जाते हैं। इस कमजोर सूचना तंत्र का सीधा फायदा अवैध कारोबारी उठा रहे हैं।

### पुलिस चौकी के सामने से गुजरते ट्रैक्टर

समीपवर्ती जिले से कोंटा मार्ग पर उकावता पुलिस चौकी बनी हुई है, जिसका उद्देश्य अवैध परिवहन पर रोक लगाना है। बावजूद इसके, चौकी के सामने से रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां दिन-रात गुजरती रहती हैं। इक्का-दुक्का मामलों को छोड़ दें तो कोई प्रभावी कार्रवाई सामने नहीं आई है। इसी प्रकार बड़ोदिया थाना क्षेत्र से भी खुलेआम रेत से भरे ट्रैक्टर सारंगपुर पहुंच रहे हैं।



### जनसुरक्षा और राजस्व को नुकसान

क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि बीते छह महीनों में अवैध रेत परिवहन में तेजी आई है। इंदौर नाका सहित प्रमुख सड़कों पर तेज रफ्तार रेत लदे ट्रैक्टरों से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। साथ ही सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

### रेत धोने का कारोबार भी खुलेआम

सारंगपुर में बाहर से लाई जा रही मिट्टी-युक्त रेत को धोने का कारोबार भी खुलेआम चल रहा है। नदी किनारे रेत से भरे ट्रैक्टर खड़े रहते हैं और शहर में कई स्थानों पर ऐसे ट्रैक्टर बिना किसी डर के खड़े दिखाई देते हैं, मानो उन्हें किसी कार्रवाई का भय ही न हो।

### जिम्मेदारों से नहीं हो सका संपर्क

इस पूरे मामले में जब जिम्मेदार अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किए। क्षेत्रीय नागरिकों ने प्रशासन और खनिज विभाग से मांग की है कि अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर तत्काल सख्त कार्रवाई कर इस बेलगाम कारोबार पर अंकुश लगाया जाए। इस संबंध में सारंगपुर एसडीएम रोहित बम्होरे बोले- रेत खनन पर हवा में बातें मत करो कहां हो रहा है और कहां जा रहा है इसकी पूरी जानकारी मुझे दो।